... THOMA RESIDENTIAL SCHOOL, THIRUVALLA
SECOND TERMINAL EXAMINATION DEC 2018

# हिन्दी

Class: IX — Marks: 80
Time :- 3 Hrs

## SECTION - A (40 Marks)

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में एक प्रस्ताव लिखिए। [15]

1. परिवार बालक की प्रथम पाठशाला है।
2. "दहेज समाज में फैला हुआ एक अभिशाप है" इस विषय पर अपना मत व्यक्त कीजिए।
3. आप के विद्यालय में इस वर्ष बालदिवस कैसे मनाया गया, सटीक वर्णन कीजिए।
4. 'विद्यार्थी और अनुशासन' इस विषय पर एक प्रस्ताव लिखिए।
5. एक ऐसी मौलिक कहानी लिखिए जिससे यह सन्देश मिले कि मूर्ख मित्र से समझदार शत्रु अच्छा होता है।

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर हिन्दी में पत्र लिखिए। [7]

1. छोटे भाई को पत्र लिखकर समझाइए कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। उसे यह भी समझाइए कि स्वस्थ रहने के लिए किन-किन नियमों का पालन करना आवश्यक है।
2. दूरभाष विभाग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपनी आवश्यकता बताते हुए शीघ्रातिशीघ्र दूरभाष लगवाने की

प्रार्थना कीजिए।

III नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

फिलिस्तीन देश की एक कन्या है। एक बार किसी पण्डित ने भगवान ईसा से प्रश्न किया "हमारा पड़ोसी कौन है?" इस पर उन्होंने कहा, एक समय एक यहूदी नवयुवक यूरोसलीम से मेरिखो की यात्रा कर रहा था, जो मार्ग में बीहड़ जंगल पड़ता था, जो डाकुओं का अड्डा था। जब वह यात्री वन के मध्य में पहुँचा तो एकाएक ही लुटेरे चारों ओर से उस पर टूट पड़े, उसकी सारी धन-संपत्ति लूट ली, उसको मारते-मारते अधमरा कर दिया और वहाँ से छू-मन्तर हो गए।

कुछ घंटों के पश्चात एक यहूदी पुरोहित उसी मार्ग से गुज़रा और उसने उस घायल यहूदी को देखा, परन्तु उसे छोड़कर चला गया। थोड़ी देर बाद एक 'लेवी' भी उसी रास्ते से गुज़रा। लेवी मंदिरों में पुरोहितों का हाथ बँटाते थे, किन्तु उस असहाय युवक को देखकर इसका मन भी नहीं पसीजा। वह निष्ठुर भी अपनी राह चला गया।

इन दोनों यात्रियों के जाने के बाद समारिया प्रान्त का एक निवासी उसी मार्ग से गुज़रा। जब उसने घायल यहूदी को ऐसी दयनीय दशा में देखा तो उसका हृदय करुणा से विह्वल हो उठा। वह आदमी अपनी सवारी से उतरा और उस यहूदी युवक को होश में लाया। उसके घावों को धोकर उन

मरहम-पट्टी की और उसे अपनी सवारी पर बैठाकर सराय में लाया। जाते समय उसने भटियारे से कहा, "आप भली-भाँति इसकी सेवा-सुश्रूषा कीजिए। जब मैं लौटूँगा तो आपकी लागत अदा कर दूँगा।

इसके बाद ईसा ने उस प्रश्नकर्ता पंडित से पूछा, "बताइए आपके मतानुसार इनमें से कौन यहूदी का पड़ोसी था?" तुरन्त ही निस्संकोच भाव से पंडित बोला, "निश्चय ही वह अपरिचित समारी ही उसका पड़ोसी सिद्ध हुआ, जिसने कुसमय में उसकी यथोचित देखभाल करके उसके प्राण बचाए।"

## प्रश्न

1. डाकुओं ने किसको लूटा और कहाँ? [2]
2. उस घायल यहूदी के पास से गुज़रने वाले पहले दो व्यक्ति कौन थे? और उन्होंने क्या किया? [2]
3. किसका 'हृदय करुणा से पिघल गया' और उसने क्या किया? [2]
4. पंडित के विचार में पड़ोसी कौन था और क्यों? [2
5. इस कथा से क्या शिक्षा मिली? [2]

IV निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए

1. लिंग बदलिए। [2x½ = 1]

   a. पंडित  b. हाथी

2. विशेषण शब्द लिखिए। [1]

   a. धर्म  b. दिन

3. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। [2]

a. आत्मा b. अहंकार

4. विलोम शब्द लिखिए। [1]

a. अल्पज्ञ b. रोगी

5. वचन बदलिए। [1]

a. चौबे b. अध्यापिका

6. दिए गए मुहावरों से वाक्य बनाइए। [2]

a. कान खड़े होना b. कलई खुलना

## SECTION. B
## (40 Marks)

V निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए

### नया रास्ता

(1) 'उसकी' बचकानी हरकत को देखकर माँ को क्रोध आ गया और गुस्से में बोली, "तुम अंदर नहीं जाओगी चुपचाप बैठ जाओ वहाँ पर।

i) उसकी का प्रयोग किसके लिए किया गया है? माँ को क्रोध आने का क्या कारण है? [2]

ii) माँ उसे अन्दर जाने से क्यों रोक रही है? [2]

iii) माँ के रोकने पर उसकी क्या प्रतिक्रिया होती है? [3]

iv) मेहमानों के जाने के बाद माँ की मन:स्थिति का वर्णन कीजिए। [3]

(2) "उन सबने मिलकर यह योजना बनाई कि बाहर जाकर चाय व समोसे खाए जाएँ। मीनू अपनी सहेलियों के

आया होस्टल के गेट के बाहर निकलने को ही थी, कि इतने में डाकिया दिखाई दे गया।"

) सबने मिलकर यह योजना क्यों बनाई? [2]

) डाकिए को देखते ही लड़कियों की क्या प्रतिक्रिया हुई? [2]

) मीनू की सहेली माया उदास क्यों हो गई थी? [3]

) मीनू डाकिए की तरफ क्यों नहीं दौडी थी? [3]

"बाहर एक कार आकर रुकी। धनीमल जी ने उस कार से उतर कर घर के अन्दर प्रवेश किया।"

) कार किसके घर के सामने आकर रुकी? धनीमल जी का स्वागत किसने और क्यों किया? [2]

) फल की पेटी को देखकर अमित की क्या प्रतिक्रिया हुई? [2]

iii) अमित क्यों उदास हो गया था? माँ के पूछने पर उसने क्या कारण बताया? [3]

iv) माँ ने अमित के गुस्से को शान्त करने के लिए उसे कैसे समझाया? [3]

## एकांकी संचय

1) महाराणा – अच्छा, अभी तो मैं नकली दुर्ग बनाकर उसका विध्वंस करके अपने व्रत का पालन करूँगा, किन्तु हाड़ाओं की उनकी उद्दण्डता का दंड दिए बिना मेरे मन को संतोष नहीं होगा।

i) महाराणा ने क्या व्रत लिया और क्यों? [2]

ii) महाराणा किस प्रकार अपने व्रत का पालन करना चाहते हैं? वे अपने सेनापति को क्या आज्ञा देते हैं? [2]

ii) महाराणा हाड़ाओं को क्यों दण्ड देना चाहते हैं? म...
के चरित्र का संक्षिप्त विवरण कीजिए। [3]

iv) नकली दुर्ग बनाने का सुझाव किसने दिया था? ...
क्यों?

(5) मुझे यह बात बुरी लगी,- मैं ने कहा:- "सब पत्नियाँ
पतियों को प्यार करती है, मैं भी करती हूँ, प्राणों
अधिक प्यार करती हूँ।"

i) किसे, क्या बात बुरी लगी और क्यों? [2]

ii) उमा किसके पास गई और क्यों? [2]

iii) उमा की बात सुनकर अविनाश की बहू ने क्या कहा

iv) उमा का चरित्र चित्रण कीजिए। [3]

(6) गौरी आ रही है। बहुत अच्छा स्वभाव है उसका। ...
समय हँसती-हँसती ही रहती है।

i) गौरी कौन है? वक्ता से उसका क्या संबंध है? [2]

ii) गौरी इस समय कहाँ है? वह घर क्यों आ रही है?

iii) गौरी क्यों घर नहीं आ सकती? [3]

iv) जीवनलाल का चरित्र चित्रण कीजिए। [3]